## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–06 मार्च 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम में संशोधन को दी मंजूरी, प्रधानमंत्री ने कहा–सरकार के फैसले से पशुओं के लिए सुनिश्चित होंगी सस्ती दवाएं, टीकाकरण कवरेज को भी मिलेगा बढ़ावा।
- प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र हुआ समाप्त, सत्र के अंतिम दिन मुख्यमंत्री ने विधान परिषद को किया सम्बोधित, कहा–सरकार के प्रयासों से पिछले आठ वर्षों में छह करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने में मिली मदद।
- गोरखपुर में मुख्यमंत्री युवा उद्यमिता विकास योजना और ओडीओपी योजना के लाभार्थियों के कार्यक्रम में आज शामिल होंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।
- महिला प्रीमियर लीग डब्ल्यूपीएल दो हजार पचीस में आज शाम यूपी वारियर्ज और मुंबई इंडियंस के बीच खेला जाएगा मैच।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कल केंद्र सरकार ने पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम में संशोधन को मंजूरी दे दी। सरकार ने इसके लिए तीन हजार आठ सौ अस्सी करोड़ रुपये की लागत का प्रावधान किया है। नई दिल्ली में मीडिया को बैठक के फैसलों की जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इससे किसानों को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पशु औषधि योजना के माध्यम से अच्छी गुणवत्ता वाली और सस्ती जेनेरिक पशु चिकित्सा दवा उपलब्ध कराई जाएगी।

**यह प्रोग्राम चार मेजर डिजीजेज और इन चारों से कैसे देश में लाइवस्टॉक को किस तरह से एक मेजर उनकी हेल्थ में इंप्रूवमेंट आए वह इस प्रोग्राम का एम है। इसका जो मेजर थ्रस्ट रहेगा वह वैक्सीनेशन प्रोग्राम के थ्रू रहेगा और वैक्सीनेशन जो प्रोग्राम अब तक चला है उसके बेनिफिट्स बहुत आए है। एक बहुत इंपोर्टेंट आएगा जैसा प्रधानमंत्री जन औषधि योजना है वैसा ही इसमें पशु औषधि योजना बनाई गई है जिससे की क्वालिटी जेनेरिक मेडिसिन्स दिए जा सके।**

जौनपुर के रहने वाले पशुपालक राजेश पांडेय ने इस निर्णय के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह योजना पशुओं के लिये वरदान सिद्ध होगी।

**भारत सरकार की केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम में महत्वपूर्ण बदलाव और संशोधन को मंजूरी दे दी है। यह योजना आने वाले समय में पशुओं को गंभीर बीमारियों से बचाने, पशुपालकों की चिंताओं को दूर करने और पशुधन तथा उसकी उत्पादकता को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।**

सूचना और प्रसारण मंत्री अष्विनी वैष्णव ने बताया कि केन्द्र सरकार ने सोन प्रयाग से केदारनाथ रोपवे के विकास को मंजूरी दे दी है, जिसकी लंबाई बारह दशमलव नौ किलोमीटर होगी। इस परियोजना की कुल लागत चार हजार करोड़ रुपये से अधिक होगी। श्री वैष्णव ने यह भी बताया कि हेमकुंड साहिब रोपवे का भी विकास किया जाएगा।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय मंत्रिमण्डल के फैसलों की सराहना की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में इन रोपवे के निर्माण से न केवल श्रद्धालुओं का समय बचेगा बल्कि उनकी यात्रा भी अधिक सुविधाजनक होगी। श्री मोदी ने कहा कि संशोधित पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम से रोग नियंत्रण में सहायता मिलेगी, टीकाकरण कवरेज को बढ़ावा मिलेगा और पशुओं के लिए सस्ती दवाएं सुनिश्चित होंगी। वहीं, गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने बाबा केदारनाथ और हेमकुंड साहिब जी के तीर्थयात्रियों को बड़ा उपहार दिया है। इससे श्रद्धालुओं का समय बचेगा और राज्य में पर्यटन तथा रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा।

**********

प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र कल समाप्त हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट सत्र के अंतिम दिन कल विधान परिषद को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने किसानों, निवेश, बिजली और कृषि क्षेत्र में किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी सदन के समक्ष रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार के बजट ने विकसित उत्तर प्रदेश की आधारशिला रखी है।

**सबसे महत्वपूर्ण बात है कि दो लाख पचीस हजार करोड़ रूपए से अधिक की राशि केवल कैपिटल एक्सपेंडिचर के लिए यह विकास की गति को तीव्र करता है, अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करता है और रोजगार के अनेक अवसर का सृजन करता है।**

श्री योगी ने बताया कि छानवे लाख एमएसएमई यूनिट्स और इन पर पांच लाख रुपये के बीमा की सुविधा देने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि बजट में आउटसोर्सिंग कार्मिकों को सोलह से अठारह हजार रुपये प्रति माह देने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए सरकार आउटसोर्सिंग कॉर्पोरेशन का गठन करने जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में सरकार द्वारा किये गये प्रयासों से छह करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने में मदद मिली है।

**********

मुख्यमंत्री ने प्रयागराज महाकुंभ का जिक्र करते हुए इसे एकता का महाकुंभ बताया।

**एकात्मता का इससे अच्छा उदाहरण कोई जाति का भेद नहीं, कोई पंथ का भेद नहीं, कोई संप्रदाय का भेद नहीं, कोई क्षेत्र का भेद नहीं। देश की सीमाओं को भी लांघने वाला वसुधैव कुटुम्बकम के भाव को जागृत करने वाला महाकुंभ एक नया संदेश दुनिया को दिया है।**

वहीं विपक्ष ने विधानपरिषद में आरक्षण का मुद्दा उठाया। अंत में सदन की बैठक अनिश्चितकाल तक के लिये स्थगित हो गई।

उधर, बजट सत्र के अंतिम दिन विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानसभा परिसर में पान, पान मसाला या गुटखा खाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाए जाने की घोषणा की साथ ही विधायकों को निर्गत होने वाले वाहन प्रवेश पत्रों में नए नियमों की सूचना दी। अठारह फरवरी से शुरू हुए विधानसभा के बजट सत्र को भी अनिश्चित काल तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल शाम गोरखपुर पहुंचे। वह आज योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में मुख्यमंत्री युवा उद्यमिता विकास योजना के कुछ लाभार्थियों को ब्याजमुक्त ऋण की धनराशि का चेक सौंपेंगे। उनकी मौजूदगी में गोरखपुर और बस्ती मंडल के दो हजार पांच सौ लाभार्थियों को उद्यमी बनने के लिए इस योजना के तहत एक सौ पचीस करोड़ रुपये का ब्याजमुक्त ऋण वितरित किया जाएगा। सीएम युवा योजना प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री युवा उद्यमिता विकास योजना युवाओं को उद्यम की तरफ उन्मुख कर उन्हें स्वावलंबी और रोजगार प्रदाता बनाने की दूरदर्शी व महत्वकांक्षी योजना है। यह योजना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकताओं में भी शामिल है और इसे 24 जनवरी को लांच किया गया है। योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष तक की आयु वाले युवाओं को उद्यम स्थापना के लिए प्रथम चरण में 5 लाख रुपये तक ब्याजमुक्त ऋण 4 वर्षों के लिए देने का प्रावधान है। साथ ही ऋण धनराशि पर 10 प्रतिशत अनुदान प्रदान किए जाने का भी प्रावधान है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से वेद प्रकाश पाठक।**

मुख्यमंत्री आज ही गोरखपुर बस्ती मंडल के एक जिला एक उत्पाद–ओडीओपी के दो हजार एक सौ लाभार्थियों को उनका उद्यम और हुनर कौशल बढ़ाने के लिए टूल किट का भी वितरण करेंगे।

**********

सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम और खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने कल लखनऊ में खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आयोजित पांच दिवसीय खादी और ग्रामोद्योग लघु प्रदर्शनी–दो हजार पचीस का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री सचान ने कहा कि सरकार खादी उत्पादों को जनता तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है।

**चौवालिस करोड़ तेईस लाख सड़सठ हजार रुपए की बिक्री हमारी इकाइयों ने जो भी खादी ग्रामोद्योग की इकाइयाँ थी उन्होंने की है। इस तरह से लगातार सरकार की मंशा रहती है की जो भी खादी की इकाइयाँ जुड़ी है उनके उत्पाद को जनसामान्य के बीच में पहुँचाने के लिए लगातार हम लोग इस तरह के प्रोत्साहन के कार्यक्रम करते हैं।**

**********

महिला प्रीमियर लीग डब्ल्यूपीएल दो हजार पचीस में आज प्रदेश की टीम यूपी वारियर्ज का मुकाबला मुंबई इंडियंस की टीम के साथ होगा। यह मैच लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में आज शाम को खेला जाएगा। टूर्नामेंट में बने रहने के लिए यूपी वारियर्ज की टीम के लिए यह मैच काफी अहम है। वहीं मुंबई इंडियंस की टीम जीत हासिल कर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचना चाहती है।

**********

भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय–पीआईबी के तत्वावधान में नई दिल्ली से आया नौ सदस्यीय पत्रकार दल कल सिद्धार्थनगर जिले में पहुंचा। इस दल ने जिले में सौ दिवसीय सघन टीबी उन्मूलन अभियान के तहत हो रहे कार्यों का अवलोकन किया। वहां के जिलाधिकारी डॉ राजगणपति आर ने पत्रकार दल को अभियान के तहत जिले में हुए कार्यों की जानकारी दी। दल के सदस्यों ने बर्डपुर ब्लॉक के मधुबेनिया गांव में निक्षय वाहन शिविर और आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भी भ्रमण किया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में ग्राम प्रधान, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर, आशा कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी सेविकाओं की भूमिका से भी पत्रकार दल को परिचित कराया गया।

**********